## बिजनेस


# विश्वकर्मा ट्रांसपोर्ट एसो. का नया भवन बनाना श्री श्याम ग्रुप का लक्ष्य

## नए ट्रांसपोर्ट नगर की दूसरी लॉटरी शीघ्र निकलवाना पहली प्राथमिकता




**वाणिज्य संवाददाता**

जयपुर। विश्वकर्मा ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन का चहुंमुखी विकास करवाते हुए नए ट्रांसपोर्ट नगर में अति शीघ्र एसोसिएशन के निजी भवन का निर्माण करवाना ही श्री श्याम ग्रुप का लक्ष्य है। इस ग्रुप से अध्यक्ष पद के लिए भरत सिंह शेखावत श्री रोड लाइन्स और महासचिव पद के लिए महेन्द्र सिंह चारण इस क्षेत्र के विकास का एजेंडा लेकर चुनाव के मैदान में उतरे है। शेखावत ने बताया कि वे पूर्व में विश्वकर्मा ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के 1997 से लेकर 2015 तक महासचिव रहे हैं। इसके अलावा वर्ष 2016 के चुनावों में उन्हें सर्व सम्मति से अध्यक्ष चुना गया। इस दौरान इन्होंने ट्रांसपोर्ट्स की समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष करते हुए अपना कार्यकाल पूरा किया। इससे पूर्व शेखावत जयपुर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन में ऑडिटर उसके बाद दो बार संयुक्त सचिव और फिर 2011 से लेकर 2013 तक महामंत्री चुने गए। उन्होंने बताया कि चुनाव लड़ने का मुख्य मकसद नए ट्रांसपोर्ट नगर की दूसरी लॉटरी को शीघ्र निकलवाना तथा नए ट्रांसपोर्ट नगर में ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के सुव्यवस्थित भवन का निर्माण करवाना है।



महासचिव पद के लिए श्री श्याम ग्रुप से चुनाव लड़ रहे क्षेत्र के प्रमुखतम ट्रांसपोर्टर एवं क्षेत्र में भाजपा के कद्दावर लीडर महेन्द्र सिंह चारण ने बताया कि विश्वकर्मा ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के 1994 से 1997 तक संस्थापक सदस्य रहे। फिर कार्यालय मंत्री रहते हुए क्षेत्र की सेवा की। वे इस कारोबार में 21 वर्ष की आयु से सक्रिय रहते हुए 1991 में इस क्षेत्र की प्रथम मिनी ट्रक ट्रांसपोर्ट के श्री करणी ट्रासपोर्ट कंपनी की स्थापना की। इनकी पहचान भाजपा के निष्ठावान कार्यकर्ता के रूप में अब तक रही है। इसके अलावा चारण अनेक सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं से जुड़े रह कर जन कल्याण के कार्यों में भी अपनी भागीदारी रखते हैं। नए ट्रांसपोर्ट नगर में विश्वकर्मा एसोसिएशन का अत्याधुनिक भवन निर्माण करना ही इनका चुनावी लक्ष्य है।



इसके अलावा टोल टैक्स को प्रदेश में समाप्त करवाना तथा आरटीओ की अनावश्यक चैकिंग से ट्रांसपोर्ट कारोबारियों को छुटकारा दिलवाना इनकी प्राथमिकताओं में है।

# डाटा एक्सजन ने हिन्दी दिवस पर पहली एडवांस

**वाणिज्य संवाददाता**

जयपुर। डाटा एक्सजन कंपनी ने हिंदी दिवस के मौके पर विश्व की पहली एडवांस डाउनग्रेडिंग टेक्नोलॉजी का आरंभ जयपुर से किया है। इस अवसर पर डाटा एक्सजन के सीईओ अजय डाटा ने बताया कि आज से पहले तक कोई भी हिंदी एड्रेस से अगर किसी ऐसे ईमेल सर्वेर पर भेजता था, जो हिंदी ईमेल को सपोर्ट नहीं करता है, तो उसकी ईमेल एड्रेस एक उल्फा न्यूमेरिकल कैरेक्टर्स में नजर आती थी। अब डाटा की टीम ने ऐसी नई टेक्नोलॉजी विकसित की है जिससे किसी भी सर्वर पर कोई वह मेल भेजे तो वह सही तरीके से नजर आएगी इसके अलावा पूरी तरह से पढ़ने के योग्य होगी। इस टेक्नोलॉजी को



एडवांस डाउनलोडिंग टेक्नालॉजी का नाम दिया गया है। इसके अलावा अब डाटामेल मोबाइल ऐप के जरिए कोई भी व्यक्ति फ्री में अपनी हिंदी में आईडी बना सकता है। इसके अलावा अब भारत एवं प्रदेश की राज्य सरकार ने भी अपने सारे कर्मियों को हिंदी में ईमेल एड्रेस बनाने और देने का आव्हान किया है। डाटा ने बताया कि इस टेक्नालॉजी के माध्यम से अब हर नागरिक बिना किसी संकोच, बिना किसी परेशानी के किसी भी व्यक्ति से पूरे संसार में संपर्क कर सकता हैं। वहीं जिन लोगों को अंग्रेजी बिल्कुल नही आती उनके लिए एक नई ईमेल एड्रेस अपनी भाषा में लेने की सुविधा उनको इटरनेट के युग में आगे लाने के लिए और खुद का विकास करने में सहायक सिद्ध होगी।

## मोतीलाल बनारसीदास पब्लिकेशन योग और आयुर्वेद का करेगा प्रसार

**वाणिज्य संवाददाता**

जयपुर। विख्यात इंडोलॉजिकल प्रकाशक मोतीलाल बनारसीदास ने जयपुर में चल रहे राष्ट्रीय आयुर्वेद युवा महोत्सव के दौरान घोषणा की है कि वह युवाओं के बीच योग और आयुर्वेद की जानकारी का प्रसार करने पर अपना ध्यान केन्द्रित करेगा। इस प्रकाशन के प्रमुख आरपी जैन और जयपुर के वरिष्ठ पत्रकार सुभाष शर्मा ने बताया कि आयुर्वेद के अलावा शिक्षा और हिंदी के प्रचार-प्रसार के क्षेत्र में मोतीलाल बनारसीदास पब्लिकेशन की अहम भूमिका रही है। हम चाहते हैं कि भारतीय युवा योग और आयुर्वेद की धरोहरों से परिचित होकर स्वस्थ, प्रसन्न और अधिक उत्पादक जीवन जी सके। उन्होंने बताया कि हम योग और आयुर्वेद के प्रकाशन को युवाओं पर लक्षित करने पर अपना ध्यान केन्द्रित कर रहे हैं।

## एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि. का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम




**वाणिज्य संवाददाता**

जयपुर। एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड 20 सितंबर को अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम लेकर आ रही है। कंपनी द्वारा 10 रुपए सममूल्य ( इक्विटी शेयर) के 120,000,000 इक्विटी शेयरों की पेशकश की जाएगी। इसमें भारतीय स्टेट बैंक द्वारा 80,000,000 इक्विटी शेयरों की बिक्री और बीएनपी परिबास कार्डिफ एस.ए. ('निवेशक विक्रय शेयरधारक' और प्रमोटर सेलिंग शेयरहोल्डर के साथ मिलकर 'विक्रय शेयरधारक') ('ऑफर') द्वारा 40,000,000 इक्विटी शेयरों की बिक्री शामिल है। इस निर्गम के लिए प्राइस बैंड 685 रुपए से 700 रुपए प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। योग्य कर्मचारियों को निर्गम की कीमत पर 68 रुपए प्रति इक्विटी शेयर की छूट दी जाएगी। बिड्स न्यूनतम 21 इक्विटी शेयरों एवं उसके बाद 21 इक्विटी शेयरों के गुणक में लगाई जा सकती हैं। बिड/निर्गम बंद होने की तारीख शुक्रवार, 22 सितम्बर है।

## टैंट कारोबारियों का दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन जालोर में



**वाणिज्य संवाददाता**

जयपुर। राजस्थान टैंट डीलर्स किराया व्यवसायी समिति रजि. का वार्षिक महाअधिवेशन व बैठक जालोर में हो रही है। इस अधिवेशन में राजस्थान के समस्त जिलों के टैंट कारोबारी सदस्य भाग ले रहे हैं। इस अधिवेशन में नए विभिन्न उत्पादों से सजी स्टालों को भी प्रदर्शित किया गया है। अधिवेशन में टैंट कारोबार में आ रही अड़चनों एवं इस कारोबार को बढ़ाने के विकल्पों पर गहन विचार-विमर्श होगा।

# गंगानगर कमोडिटीज लिमिटेड को मिला किसान प्रगति अवॉर्ड

**वाणिज्य संवाददाता**

जयपुर। प्रतिष्ठित फाइनेंशियल सर्विसेज ग्रुप गंगानगर कमोडिटीज लिमिटेड (जीसीएल) को एनसीडीएक्स की ओर से आयोजित किए गए समारोह में 'किसान प्रगति अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। नई दिल्ली के होटल ताज में हुए भव्य कार्यक्रम में केन्द्रीय खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री रामविलास पासवान एवं केन्द्रीय जल संसाधन राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने जीसीएल के डायरेक्टर विशाल बगड़िया एवं हनी शर्मा को अवॉर्ड भेंट कर सम्मानित किया गया।

एनसीडीएक्स ने भारत के वेस्ट जोन (राजस्थान एवं गुजरात) में एग्रीकल्चर कमोडिटी में आउटस्टेंडिंग परफॉर्मेन्स के लिए जीसीएल को 'किसान प्रगति अवॉर्ड' के लिए चुना है। श्रीगंगानगर कमोडिटीज लिमिटेड के निदेशक विशाल बगड़िया ने बताया कि जीसीएल पिछले 13 वर्षों से कमोडिटी एक्सचेंज के क्षेत्र में सक्रिय है। कंपनी कमोडिटी




की ऑनलाइन एवं ऑफ लाइन प्रोक्योरमेंट, हेजिंग और ट्रेडिंग के साथ ही इक्विटी, करेंसी, इंश्योरेन्स, म्यूचुअल फण्ड की ब्रोकिंग व इन्वेस्टमेंट्स की सेवाएं अपने ग्राहकों को दे रही हैं। जीसीएल एनसीडीएक्स के साथ ही एमसीएक्स, बीएसई और एनएसई की भी सदस्य सूची में सम्मिलित है। कंपनी से वेस्ट जोन (जिनमें गुजरात एवं राजस्थान के साथ ही महाराष्ट्र का कुछ क्षेत्र शामिल है) में 5000 से अधिक उपभोक्ता जुड़े हुए हैं।

गंगानगर कमोडिटीज लिमिटेड के डायरेक्टर ग्रुप में शामिल हनी शर्मा ने बताया कि कंपनी आगामी 5 वर्षों में सम्पूर्ण भारत में फाइनेंशियल सर्विसेज प्रदान करने की योजना पर काम कर रही है। इनमें ग्राहकों को मेटल एवं एग्रीकल्चरल कमोडिटीज के साथ ही पोर्टफोलियो तैयार करने में सहायता प्रदान करना शामिल है, ताकि इन्वेस्टर अपनी लागत का उचित बाजार मूल्य प्राप्त कर लाभान्वित हो सके। हमारा मुख्य उद्देश्य अन्तरराष्ट्रीय मापदंडों के अनुरूप स्थानीय बाजार में वित्तीय सेवाएं उपलब्ध कराना है, जिनमें ग्राहकों को उनकी ट्रेडिंग जरूरतों के हिसाब से कस्टमाइज्ड और मल्टीपल ब्रोकिंग सेवाएं प्राप्त हो सके।